गंडई में बैकलेस डे एक्टिविटी एवम... पृष्ठ 2 | सेन समाज बालोद के चार प्रमुख... पृष्ठ 3

asianpaints
सभी रेंज किफायती दाम में उपलब्ध
अधिकृत विक्रेता
अरुणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

# नांदगांव टाइम्स

NIPPON PAINT
एशिया पैसिफिक का नंबर 1 पेंट*
अधिकृत विक्रेता
अरुणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

मंगलवार, 24 फरवरी 2026, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 50, अंक 133, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## राज्यपाल के अभिभाषण के साथ विधानसभा बजट सत्र का आगाज

**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र की सोमवार से शुरुआत हो गई। सत्र का शुभारंभ राज्यपाल रमेन डेका के अभिभाषण से हुआ। विधानसभा पहुंचने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह और नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत ने उनका स्वागत किया। राज्यपाल डेका ने छत्तीसगढ़ की 6 वाँ विधानसभा के अष्टम् सत्र को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ सरकार के कामकाज की विस्तार से चर्चा की। युवाओं से लेकर महिलाओं, किसानों, औद्योगिक गतिविधियों के संचालन के लिए राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों पर चर्चा की। बस्तर में बदलाव पर उनका विशेष फोकस रहा। अभिभाषण में राज्यपाल ने छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना और विधानसभा की रजत जयंती का उल्लेख करते हुए विकसित राज्य के लक्ष्य को दोहराया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित छत्तीसगढ़ बनाने के लिए सरकार सामूहिक प्रयासों के साथ आगे बढ़ रही है। राज्यपाल ने कहा, छत्तीसगढ़ में विकास की असीम संभावनाएँ हैं। यहां की सरल, सहज और मेहनतकश जनता की बदौलत सरकार इन संभावनाओं को साकार करने की दिशा में कड़ी मेहनत कर रही है। सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता अंत्योदय का कल्याण है। सरकार की प्रत्येक नीति में यह सोच है कि इसके लागू होने से आखिरी पंक्ति में खड़े नागरिक को किस तरह से लाभ मिलेगा। जब इस सोच के अनुरूप नीति बनती है तो समावेशी विकास की दिशा में कदम स्वत: बढ़ जाते हैं। समावेशी विकास में महिला सशक्तिकरण की महत्वपूर्ण भूमिका है। मातृ शक्ति को सशक्त बनाना मेरी सरकार की प्राथमिकता है। इसी सोच के साथ इस वर्ष को ष्महतारी गौरव वर्षष् के रूप में

मनाया जा रहा है। सामाजिक कल्याण के साथ तीव्र आर्थिक विकास के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए नये जमाने के अनुरूप मेरी सरकार ने नवाचार भी किया है जिसका व्यापक असर प्रदेश के आर्थिक विकास के आंकड़ों में नजर आता है। विकसित छत्तीसगढ़ और विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब किसान मजबूत और समृद्ध होंगे। इसलिए मेरी सरकार उन्हें आधुनिक तकनीक से जोड़ने, फसल का उचित मूल्य दिलाने और बाजार तक उनकी आसान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए निरंतर काम कर रही है। इस वर्ष 25 लाख 24 हजार किसानों से समर्थन मूल्य पर 141.04 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा गया और 33 हजार 431 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। मेरी सरकार ने ष्कृषक उन्नति योजनाष् के तहत होली से पहले किसानों को 10 हजार 292 करोड़ रुपये का भुगतान करने का निर्णय लिया है। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार भी किसान हितैषी सरकार है। छत्तीसगढ़ के 24 लाख 72 हजार किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है। सरकार के कल्याणकारी दायरे में भूमिहीन कृषक मजदूर भी शामिल हैं। राज्य के 5 लाख से अधिक भूमिहीन कृषि मजदूरों को च्दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजनाष् के तहत सालाना 10 हजार रुपए दिए जा रहे हैं। सरकार गुणवत्तापूर्ण बीज किसानों को उपलब्ध कराने की दिशा में पुख्ता काम कर रही है। बीज उत्पादन में प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति एवं महिला वर्ग के किसानों को प्रमाणीकरण शुल्क में शतप्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। दो साल में 21 लाख क्विंटल प्रमाणित बीज वितरित किये गये हैं। हमारे किसान भाइयों द्वारा उपजाया खाद्यान्न निर्यात के माध्यम से विदेशों तक अधिकाधिक पहुंचाया जाए, इसके लिए मेरी सरकार ऐसी तकनीकों पर काम कर रही है जिससे खाद्यान्नों की शेल्फलाइफबढ़ाई जा सके। इसके लिए इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र की सहायता से 06 करोड़ रुपए की लागत से सेंटर आफएक्सीलेंस की स्थापना की जा रही है। दुनिया भर में खेती-किसानी की तकनीक बदल रही है। कृषि शोध में लगे अध्यापकों और छात्रों को मेरी सरकार द्वारा निरंतर एक्सपोजर विजिट भी कराया जा रहा है। प्रदेश में दलहन और तिलहन की फसलों को बढ़ावा देने मेरी सरकार प्रतिबद्ध है। च्दलहन बीज उत्पादन प्रोत्साहन योजनाष् में प्रति क्विंटल दिए जाने वाले 1000 रूपए के अनुदान को अब बढ़ाकर 5 हजार रुपए कर दिया गया है।

## मुआवजा मिलने के बाद भी नहीं हटा अतिक्रमण कलेक्टर के दौरे के बाद चला बुलडोजर

**छुईखदान (नांदगांव टाइम्स)।** सरकार की ओर से नियमानुसार मुआवजा दिए जाने के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाने का मामला कलेक्टर के दौरे के बाद उजागर हुआ। निरीक्षण के दौरान शक्ति मंदिर से राजमहल चौक पर बड़ी संख्या में अवैध कब्जे पाए जाने पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई और तत्काल सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने के लिए बड़ा अभियान चलाते हुए बुलडोजर कार्रवाई की।

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, यह क्षेत्र [सड़क चौड़ीकरण/नाली निर्माण/अन्य विकास परियोजना] के अंतर्गत आता है, जहां लंबे समय से अतिक्रमण के कारण कार्य बाधित हो रहा था। संबंधित लोगों को पहले ही कई बार नोटिस दिए जा चुके थे। साथ ही सरकार की मुआवजा नीति के तहत पात्र अतिक्रमणकारियों को राशि भी प्रदान की गई थी, ताकि वे स्वेच्छा से अपना कब्जा हटा लें। बावजूद इसके तय समयसीमा समाप्त होने के बाद भी अतिक्रमण जस का तस बना रहा। कलेक्टर के निर्देश के बाद नगर पंचायत, राजस्व विभाग और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने आज सुबह कार्रवाई शुरू की। पुलिस बल की मौजूदगी में बुलडोजर चलाकर अवैध दुकानों, अस्थायी मकानों, शेड और अन्य निर्माणों को हटाया गया। कार्रवाई के दौरान कुछ देर के लिए हल्का विरोध देखने को मिला, लेकिन प्रशासन ने समझाइश देकर स्थिति को शांत कराया। अधिकारियों ने मीडिया से बातचीत में स्पष्ट कहा कि यह कार्रवाई किसी एक व्यक्ति या स्थान तक सीमित नहीं है। आगे भी जिन लोगों ने शासकीय भूमि पर अतिक्रमण किया है, उनके खिलाफबिना किसी भेदभाव के सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने यह भी साफ किया कि मुआवजा मिलने के बाद अवैध कब्जा बनाए रखना कानून का उल्लंघन है और ऐसे मामलों में किसी प्रकार की रियायत नहीं दी जाएगी। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि अतिक्रमण हटने से इलाके में यातायात व्यवस्था सुधरेगी और विकास कार्यों को गति मिलेगी। लोगों ने प्रशासन की इस कार्रवाई का समर्थन करते हुए उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इसी तरह लगातार अभियान चलाकर अवैध कब्जों से निजात दिलाई जाएगी। प्रशासन ने अंत में चेतावनी दी है कि यदि किसी ने दोबारा अतिक्रमण करने की कोशिश की तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अतिक्रमण हटाने का यह अभियान आने वाले दिनों में अन्य क्षेत्रों में भी जारी रहेगा।

## पर्यावरण संरक्षण गतिविधि की पहल का कलेक्टर ने किया स्वागत

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** आज संस्कारधानी राजनांदगांव की पर्यावरण संरक्षण गतिविधि राजनांदगांव के विभाग संयोजक मनोहर चंदेल एवं जिला संयोजक मयंक कृष्णा शर्मा के नेतृत्व एवंजिला एन जी ओ

प्रमुख सौरभ खंडेलवाल,नगर संयोजक निकुंज सिंघल, शहर नारी शक्ति प्रमुख मौसमी शर्मा सह प्रमुख ममता शर्मा एवं नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के चेयरमैन शैकी बग्गा द्वारा माननीय कलेक्टर महोदय जितेन्द्र यादव जी एवं ष्द्रश सु श्री सुरुचि सिंह से सौजन्य मुलाकात कर एक अनुरोध पत्र सौंपा है जिसमें उन्होंने अनुरोध किया है कि मां बमलेश्वरी मंदिर परिसर डोंगरगढ़ एवं अन्य धार्मिक स्थलों में सिंगल यूज़ प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने एवं कपड़े के थैले अथवा टोकनी के प्रयोग हेतु पहल की सराहना करते हुए कलेक्टर महोदय ने कहा कि आपकी यह पहल सराहनीय है पर्यावरण संरक्षण गतिविधि की पहल का कलेक्टर महोदय ने किया स्वागत डोंगरगढ़ मंदिर परिसर एवं अन्य धार्मिक स्थलों में सिंगल यूज़ प्लास्टिक के पूर्ण प्रतिबंध का दिया आश्वासन और कहा की संस्कारधानी राजनांदगांव की गरिमा के अनुरूप पर्यावरण संरक्षण के लिए चलाएंगे जन जागरूकता अभियान ताकि सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग न करें ताकि हमारा जिला हो प्रदूषण मुक्त हरित राजनाटगांव। पर्यावरण संरक्षण गतिविधि की टीम ने आम जनता एवं समस्त व्यापारियों से अपील करते हुए अनुरोध किया है की सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग नहीं कर मां की नगरी डोंगरगढ़ एवं राजनांदगांव जिला को स्वच्छ व सुंदर बनाने की दिशा में स्वयं कदम बढ़ाकर कर सहयोग प्रदान करें । उपरोक्त जानकारी पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के जिला एन जी ओ प्रमुख सौरभ खंडेलवाल ने दी।

## छुरिया जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने सड़क दुर्घटना में मृतक के परिवार को तत्कालिक आर्थिक सहायता प्रदान की गई

**छुरिया (नांदगांव टाइम्स)।** छुरिया विकासखंड के ग्राम आटरा निवासी

हेमलाल निर्मलकर पिता सुमेरी लाल निर्मलकर की शाम को बुचाटोला से बंजारी मार्ग के आसपास दिनांक 22/02/2026 को संध्या अज्ञात वाहन की ठोकर मारने से घायल अवस्था मे सामुदायिक स्वास्थ केंद्र छुरिया लाया गया जहां डॉक्टर ने जाँच उपरांत मृत घोषित कर दिया । जिसके बाद जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा की पहल पर तत्काल आर्थिक सहायता के रूप मे उनके घर जाकर मृतक के मां श्रीमती शांता बाई को 10,000 रुपए नगद तत्कालिक आर्थिक सहायता प्रदान की गई । साथ ही अज्ञात वाहन की पतासजी,सीसी टीवी फुटेज के माध्यम से छुरिया पुलिस को कहा है,श्री सिन्हा ने मृतक के परिजनों को हर संभव शासन के नियमानुसार सहयोग करने की बात कही । इस अवसर पर बलराम साहू ग्राम पटेल, नैनसिंह पटेल उपाध्यक्ष भाजपा मंडल छुरिया,पी. आर.साहू, टिकम साहू सहित ग्राम के मातएं मौजूद रही ।

## डोंगरगांव में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम मोदी की 'मन की बात

### मन की बात युवाओं और समाज को नई ऊर्जा प्रदान करती है - दिनेश गांधी

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** मंडल भाजपा डोंगरगांव के कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का 131 वां एपिसोड प्रसारित हुआ। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं ने डोंगरगांव के विभिन्न बूथों पर इसे सुना।इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम को सुनने के लिए समस्त भाजपा कार्यकर्ता व मंडल के पदाधिकारी उपस्थित रहे ।जिसमें पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष। दिनेश गांधी ने दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन करते हुवे कहा कि मन की बात कार्यक्रम के 131वें एपिसोड को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर बात की। उन्होंने कहा कि दिल्ली में हुई एआई समिट में दुनियाभर से लोग शामिल हुए। उन्होंने एआई के क्षेत्र में भारत की क्षमताओं को बेहद करीब से देखा तथा पीएम मोदी ने आगे कहा कि विदेश से आए मेहमान यह देखकर हैरान रह गए कि कैसे एआई की मदद से हम प्राची ग्रंथों और प्राचीन इतिहास को संरक्षित कर रहे हैं। इस समिट में दुनिया को एआई के क्षेत्र में भारत की क्षमताओं का पता चला है। आधुनिक भारत में यह अब तक की सबसे बड़ी एआई समिट थी। सभी देशवासियों को इस सफल समिट के लिए बधाई। एआई समिट पर पीएम मोदी ने आगे कहा कि इस समिट में भारत ने 3 मेड इन इंडिया.द्व मॉडल भी लांच किए हैं। यह अपने आप में अब तक की सबसे बड़ी.द्व समिट रही है।पीएम मोदी मन की चर्चा की श्री गांधी ने कार्यक्रम को प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा, ÷प्रधानमंत्री का 'मन की बात' कार्यक्रम देश को दिशा देने वाला मंच बन चुका है। उनके विचार युवाओं और समाज को नई ऊर्जा प्रदान करते हैं।इस कार्यक्रम में श्री गांधी ने की ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की मन की बात सुनने पर कार्यकर्ताओं में नए ऊर्जा का संचार होता है उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं, प्रदेशवासियों से अपील की वो सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभी संस्करणों की मन की बात कार्यक्रम को सुने। इस कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री गांधी राजेन्द्र कंडरा ,सुमित अग्रवाल ,राहुल जैन सहित भाजपा की कार्यकर्ताओ ने सी.ए.हीना मंगल के निवास पर मन की बात कार्यक्रम सुना।

## समनापुर साल्हेवारा में पशुधन प्रदर्शनी व मेला आयोजित, वैज्ञानिक पशुपालन अपनाने की अपील

**गंडई (नांदगांव टाइम्स)।** साल्हेवारा क्षेत्र के ग्राम समनापुर में पशुधन विकास विभाग द्वारा जिला स्तरीय सह-खंड स्तरीय पशुधन प्रदर्शनी एवं मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के किसानों एवं पशुपालकों को वैज्ञानिक तरीके से पशुपालन करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में यशोदा नीलांबर वर्मा उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था में पशुपालन का महत्वपूर्ण योगदान है। पशुपालन किसानों की आय का अतिरिक्त स्रोत होने के साथ-साथ कृषि व्यवस्था का मजबूत आधार भी है। उन्होंने पशुपालकों से आधुनिक तकनीक अपनाकर उत्पादन बढ़ाने की अपील की। मेले में पशुपालन से संबंधित विभिन्न योजनाओं, जानकारी और प्रदर्शनी के माध्यम से किसानों को जागरूक किया गया। साथ ही उत्कृष्ट पशुपालन करने वाले किसानों एवं पशुपालकों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया इस अवसर पर श्री खम्हन ताम्रकार,मन्नू मरकाम, निजाम सिंह मंडावी, गंगू मेरावी, महेंद्र यादव, परमात्मा मानिकपुरी सहित बड़ी संख्या में पशुपालक किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी एवं ग्रामीणजन भी शामिल हुए। कार्यक्रम में पशु चिकित्सा विभाग से डॉ. सुधीर कुमार जैन (प्रभारी पशु चिकित्सालय साल्हेवारा), डॉ. शिवांगी खरे (खैरागढ़), डॉ. आर. पी. टंडन (छुईखदान) एवं डॉ. योगेश कटारे उपस्थित रहे। इस दौरान विधायक महोदया, जिला अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष, पूर्व जनपद अध्यक्ष,द्व जनपद सदस्य एवं स्थानीय सरपंच भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। यह जानकारी पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सुधीर कुमार जैन द्वारा दी गई।

## बेमौसम बारिश से रबी एवं सब्जी का फसल उत्पादन करने वाले को किसान को हुई काफी क्षति

### मौसम में परिवर्तन एवं बारिश की संभावना को देखते हुए किसान भयभीत

**राजनांदगांव/अंबागढ़ चौकी (नांदगांव टाइम्स)।** आज सुबह नगर एवं क्षेत्र में हुई झमाझम बारिश से रबी एवं सब्जी का फसल लेने वाले किसानो को काफी क्षति का सामना करना पडा है। किसानो की माने तो बारिश से लाखडी, चना व सोयाबीन का फसल लेने वाले किसानो को बेमौसम बारिश से क्षति हुई है। जबकि टमाटर एवं हरी सब्जी का उत्पादन करने वाले किसानो की फसल खराब होने की शिकायते है।

आज सुबह से मौसम में आए परिवर्तन के बाद सुबह दस बजे से झमाझम बारिश शुरू हो गई। नगर के अलावा चिल्हाटी आमाटोला व रेगाकठेरा, बांधाबाजार क्षेत्र में एक से दो घंटे तक मूसलाधार बारिश हुई। अचानक हुई बारिश से सब्जी उत्पादन करने वाले किसानो को काफी नुकसान का सामना करना पडा है। बागनारा के कृषक शमीमुद्दीन कुरैशी एवं मोनू कुरैशी ने बताया की उनके पपीता की फसल चौपट हो गई। जबकि बांधाबाजार जोरातराई में टमाटर एवं सब्जी का फसल उगाने वाले कृषक कोमल सिन्हा ने बताया की टमाटर के पौधे बेमौसम एवं भारी बारिश से जमीन पर लेट गए है। जबकि अब सब्जी में कीडे लगने लगेंगे। उसी तरह चौकी के कृषक महेश निषाद ने बताया की बेमौसम बारिश से लाखडी , सोयाबीन एवं चना के फसल को काफी नुकसान पहुचा है। इसी तरह नदी किनारे सब्जी का उत्पादन करने वाले कृषक रामसाय पटेल, निजाम साय, बल्लू निषाद, रमेश पटेल, सुखचंद पटेल, दयालू पटेल, त्रिवेणी

पटेल, यशवंत पटेल, नारायण पटेल, रूखमन पटेल, देवीलाल पटेल ने बताया अचानक हुई बारिश व तेज हवाओ से उनके सब्जी के फसल को काफी नुकसान का सामना करना पडा है।

**बेमौसम बारिश से सोसायटियो की मुश्किलें बढी**

ब्लाक की सभी सोसायटियो में अभी धान का उठाव नही हुआ है। धान अभी भी खुले में रखे हुए है। आज सुबह हुए मौसम में परिवर्तन एवं बारिश की संभावना को देखेते हुए सोसायटी कर्मचारी सुबह से अलर्ट हो गए थे। बारिश शुरू होने से पूर्व ही मंडी कर्मचारियो ने खुले में रखे धान को बारिश से बचाने के लिए को केप कवर कर लिया था जिससे बारिश से होने वाली क्षति से सोसायटी पुरी तरह बच गए है। लेकिल मौसम में हुए परिवर्तन को देखते हुए सोसायटी कर्मचारी भयभीत भी है। कही बारिश ज्यादा हुई तो उन्हे नुकसान का सामना करना पड सकता है। अंबागढ चौकी के आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक रामकिशोर बंसोड ने बताया की मौसम में आए बदलाव को देखते हुए उन्होने बारिश से पूर्व ही उन्होने खुले में रखे हजारो कट्टा धान को बचाने के लिए अच्छी तरह से ढंक कर पुरी तरह केप-कवर कर लिया था। जिससे वे एक बडी क्षति से बच गए थ। अंबागढ चौकी की तरह ही अन्य सोसायटियो से भी यह सूचनाए है की प्रशासन के अलर्ट के बाद उन्होने बारिश से धान को बचाने के लिए पुरी तरह मुस्तैद थे। जिससे वे अचानक बारिश से धान को बचाने में पुरी तरह सफल रहे।

nandgaon times feb-24-3.qxd 2/23/2026 11:57 PM Page 2



## भाजपा किसान मोर्चा ने फूंका राहुल गाँधी का पुतला

**बालोद (नांदगांव टाइम्स)।** कांग्रेस द्वारा एआई समिट में किये गये बेहूदा और शर्मनाक करतूत के विरोध में भाजपा किसान मोर्चा ने आज सोमवार को कांग्रेस नेता राहुल गाँधी का पुतला फूंका। स्थानीय जय स्तंभ चौक में भाजपा किसान मोर्चा के नेतृत्व में एकत्र भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेता राहुल गाँधी का पुतला दहन किया और जोरदार नारेबाजी कर विरोध और रोष जताया। भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख एवं भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र देशमुख ने कहा कि कांग्रेस का कृत्य देश की छवि बिगाड़ने वाला है। कांग्रेस और उनके तमाम नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विरोध करते हुये अब देश का ही विरोध करने लगे हैं। उनके ऐसे शर्मनाक कृत्य के लिये कांग्रेस नेता राहुल गाँधी का पुतला फूंक कर विरोध जाहिर किया गया है। पुतला दहन के दौरान , भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र देशमुख,जिला मंत्री प्रेमसाहू,बालोद शहर मंडल अध्यक्ष अमित चोपड़ा, नगर पालिका परिषद उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, करहीभदर मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू, किसान मोर्चा से उपाध्यक्ष रमेश सोनवानी, मनोहर सिन्हा, मणिकांत बघेल, संतोष गंगबेर कोषाध्यक्ष अशोक साहू, सह कोषाध्यक्ष दिनेश साहू, युवराज साहू,कार्यालय मंत्री वीरेन्द्र साहू ,सह कार्यालय मंत्री संतोष चन्द्राकर, चिंताराम साहू ,युवा मोर्चा जिला मंत्री आशुतोष कौशिक युवा मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी अभिन्न यादव, युवा मोर्चा जिला प्रचार प्रसार प्रमुख जागेश्वर ढीमर युवा मोर्चा जिला कार्यसमिति सदस्य रजत जैन, युवा मोर्चा बालोद मंडलाध्यक्ष राहुल सोनी, मंडल महामंत्री कमल बजाज गौतम, बजाज, अर्पित दुे यश राजपूत सहित भारतीय जनता पार्टी के ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

## कलडबरी में VB–GRAMG कार्यशाला सम्पन्न, विकसित भारत के संकल्प के साथ जुटे सैकड़ों कार्यकर्ता

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** भार जनता पार्टी के तिलई एवं घुमका मंडल के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम कलडबरी में VB–GRAMG (विकसित भारत- ग्राम गारंटी मिशन) विषय पर विस्तृत बैठक एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा तिलई मंडल अध्यक्ष परदेशी सोनबोईर के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में जिला पंचायत राज उपाध्यक्ष किरण साहू, जिला पंचायत सभापति किरण बारले, शिला सिन्हा, जनपद उपाध्यक्ष अनीता सिन्हा, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं पूर्व महामंत्री रविन्द्र वैष्णव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर, पूर्व जनपद अध्यक्ष प्रतीक्षा भंडारी, भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष दादूराम सोनकर, भाजपा अजा मोर्चा अध्यक्ष विजय राय, भाजपा तिलई मंडल अध्यक्ष परदेशी सोनबोईर, भाजपा युवा मोर्चा महामंत्री नोमेश वर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इसके अंतिरिक्त रमेश सोनवानी, राकेश साहू, यशवंत वर्मा, ललित साहू, जनक साहू, साकेत वैष्णव, जितेंद्र गायकवाड़, रामकुमार वर्मा, जगेश्वर साहू, कामता साहू, जितेंद्र तिवारी, शेखर यदु, टिका साहू, अजय ठाकुर, दषौबल वर्मा, वेदव्यास साहू, दुर्जन देवांगन, गोपी साहू, राजेश्वरी साहू, पंकज वर्मा, गायत्री यदु, ईश्वर साहू, मीना साहू, पुनिता साहू, बहुर सिंह, केदार साहू, बाल सिंह साहू, छिंगेंद्र सिन्हा, हरिचंद सिन्हा, रवि वर्मा, गया वर्मा, तिजू यादव, बलदेव प्रसाद, प्रमोद दुबे, अश्वनी वर्मा, राकेश साहू, पवन गायकवाड़, हेमंत लहरे, रीना वर्मा, नंदनी स्वेता, नकुल वर्मा, तारण साहू, नेमु वर्मा, खेमलाल साहू, गुलाब वर्मा, दीपक जोशी, बिसन साहू, ललित यादव, लेखू साहू, ललित साहू, दीपक निषाद, महेंद्र साहू, शांति निर्मलकर, नूतन, सभी साहू, कवल वर्मा, मुकेश साहू, रामदास कोसरे, प्रेमलाल सिन्हा, डोमार साहू, भूपेंद्र, गुलाब चंदेल सहित भाजपा महिला मोर्चा, युवा मोर्चा एवं वरिष्ठ कार्यकर्तागण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# गंडई में बैकलेस डे एक्टिविटी एवम कौशल विकास कार्यशाला का आयोजन

**गंडई (नांदगांव टाइम्स)।** पीएम श्री स्वर्गीय लाल मूरत सिंह खुसरो शासकीय अंग्रेजी हिंदी मध्यम शाला गंडई में बैकलेस डे एक्टिविटी एवं कौशल विकास कार्यशाला का आयोजन किया गयाद शाला के प्राचार्य श्री पवन कुमार दंदरया के निर्देशानुसार कार्यशाला का आयोजन सफ्त रूप से किया गया,जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लियाद्य इस आयोजन में विद्यार्थियों ने मिट्टी से, बांस शिल्प से विभिन्न कलाकृतियां बनानी सीखी द्य बेगलेस डे की गतिविधियों में विद्यार्थियों ने फायरलेस कुकिंग के तहत विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाये जिसमें ओरिगो चॉकलेट, भेल, मलाई क्रीम केक इत्यादि बनाये गए द्य संस्था के प्राचार्य पवन कुमार दंदरया एवं शिक्षक- शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों के द्वारा बनाये सारे व्यंजनों का स्वाद चखा एवम् बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाते हुए उनकी प्रशंसा भी की। रीजिन् आर्ट की सहायता से दीवार घड़ी का निर्माण किया गया द्य दीवार पर रंगों का उपयोग करके सुंदर से चित्र का चित्रण किया गया द्य मिट्टी से बने पेपर वेट, पेन स्टैंड,स्नरह में सहायक विभिन्न प्रकार की आकृतियों का भी निर्माण किया गया द्य खराब पड़ी वस्तुओं जैसे कि प्लास्टिक के बोतल,

कांच के बोतल, थर्माकोल, आईशक्रीम स्टिक इत्यादि का उपयोग कर घर पे सजावट के समान का निर्माण किया द्य साथ ही न्यूजपेपर, गुब्बारों,नटों के द्वारा विज्ञान के विभिन्न सिध्दांतों को सुश्री नंदनी जांगड़े (व्याख्याता) ने बच्चों को खेल- खेल में समझाया।कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य महोदय ने विद्यार्थियों को अपना शुभ आशीष प्रदान करते हुए, सभी बच्चों को आगे भी इसी तरह से शाला की गतिविधियों में अपना शत् प्रतिशत योगदान देने के लिए प्रेरित किया द्य साथ ही विद्यार्थियों को परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए भी प्रेरित किया एवं जिन बच्चों के अंक किसी कारण वश उनकी आशा अनुरूप नहीं आने पर उन्हें हताश ना होते हुए पूरी लगन से दुबारा प्रयास करने की भी सीख दी द्य इस बैगलेस डे एक्टिवी एवं कौशल विकास कार्यक्रम को सफ्त बनाने में सभी शिक्षक- शिक्षिकाओं को प्राचार्य महोदय ने बधाई भी दीद्य कार्यक्रम को सफ्त बनाने में श्री एम. एस. ठाकुर, सुश्री स्नेह एक्का, सुश्री नंदिनी जांगड़े, सुश्री सुरभी उइके, सुश्री सौम्या शर्मा,सुश्री रीमा देवांगन, श्री मुकेश यादव प्रधान पाठक, श्री दुर्गेश सेन, श्री यश जंघेल, श्री देवचरण,श्री कोमल सिंह,श्री रोहन,श्री रवीश भारती,हेमंत कुमार, श्रीमती ममता सोनी, सुश्री दिव्या श्रीवास्तव , श्री निरंजन लाल चंद्रवंशी, श्री अजय खलखो , एवम श्री रूपेन्द्र साहू का विशेष योगदान रहा ।

## ग्राम सुकुलदैहान के हथकरघा बुनकरों को दिया गया दो दिवसीय एडवांस प्रशिक्षण

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार द्वारा रैप योजना के तहत राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सुकुलदैहान के हथकरघा बुनकरों के लिए दो दिवसीय एडवांस प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। उद्यम पंजीकरण कराने वाले एवं पूर्व में तीन दिवसीय बुनियादी प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले बुनकरों के लिए यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र और चॉइस कंसल्टेंसी सर्विसेज द्वारा पारंपरिक बुनकरों को नवीन तकनीक की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के पहले दिन डिजिटल प्लेटफॉर्म्स एवं बिजनेस ब्रांडिंग के बारे में बताया गया। सरकारी विभागों को उत्पाद बेचने के लिए सरकारी ई-मार्केटप्लेस पर पंजीयन की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में बताया गया कि ई-कॉमर्स अमेजन, फ्लिपकार्ट एवं अन्य ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से ग्राहकों तक पहुंच सकते हैं। एक सफ्त स्टार्टअप के लिए बिजनेस मॉडल तैयार करने तथा अपने ब्रांड की वैल्यू बढ़ाने के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण के दूसरे दिन बुनकरों को प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम सहित अन्य योजनाओं के तहत ऋण के लिए आवेदन की प्रक्रिया, सब्सिडी सहित अन्य जानकारी दी गई। केन्द्र सरकार की एक जिला एक उत्पाद योजना के तहत बुनकरों को अपने पारंपरिक उत्पादों को जिले की विशिष्ट पहचान के रूप में स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्हें अपने बिजनेस प्लान को बड़े स्तर पर सर्कुलेट कर निवेशकों एवं बाजार को आकर्षित करने के तरीकों के बारे में बताया। मास्टर ट्रेनर श्री प्रकृति गौतम, जिला समन्वयक श्री भव्यजीत गौतम, श्री तुलेश्वर सार्वा द्वारा बुनकरों को प्रशिक्षण दिया गया। चॉइस कंसल्टेंसी द्वारा जानकारी दी गई कि आने वाले दिनों में आयरन एवं स्टील सेक्टर से जुड़े उद्यमियों के लिए तीन दिवसीय सेक्टर स्पेसिफिक प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। इस क्षेत्र में रूचि रखने वाले एवं प्रशिक्षण का लाभ लेने के इच्छुक व्यक्ति जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र राजनांदगांव में संपर्क कर प्रशिक्षण के लिए पंजीयन करा सकते है।

## गंजपारा अंग्रेजी माध्यम प्राथमिक शाला (इगनाईट) में निर्माणाधीन मॉडल क्लास निर्माण कार्य का महापौर ने किया निरीक्षण

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** वार्ड क्रमांक 39 स्थित शासकीय प्राथमिक शाला गंजपारा (इंग्लिश मीडियम इगनाईट) में निर्माणाधीन मॉडल क्लास का महापौर श्री मधुसूदन यादव ने आज निरीक्षण कर प्रगति की जानकारी लिए। विदित है कि कुछ दिन पूर्व महापौर श्री यादव, वार्ड पार्षद श्री रवि सिन्हा के साथ निरीक्षण किये थे, निरीक्षण के दौरान विद्यालय के समग्र ऊत्रयन कर उसे मॉडल प्राथमिक शाला के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया था, जिसपर त्वरित कार्यवाही करते हुए विद्यालय परिसर में आवश्यक विकास एवं सुधार कार्य प्रारंभ कर दिए गए हैं।

अधोसंरचना सुदृढ़ीकरण, कक्षाओं के ऊत्रयन, मूलभूत सुविधाओं के विस्तार तथा विद्यार्थियों के लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में प्रारंभ हुए कार्यों का पुनः निरीक्षण करने महापौर मधुसूदन यादव आज पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री दिनेश गांधी, निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, लोककर्म विभाग के प्रभारी सदस्य श्री सावन वर्मा एवं वार्ड पार्षद रवि सिन्हा के साथ मौके पर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान महापौर ने कार्य की प्रगति की जानकारी ली। उप अभियंता श्री अनूप पाण्डे ने बताया कि वाल पुट्टी व बाथरूम मरम्मत कार्य प्रगति पर है, विद्युतीकरण पूर्ण हो चुका है तथा टाईल्स लगाना व पोताई कार्य शेष है।महापौर श्री यादव द्वारा संबंधित ठेकेदार को कार्य शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए तथा उप अभियंता को सतत मानिटरिंग कर समय सीमा में कार्य पूर्ण कराने कहा। उन्होने कहा कि गंजपारा विद्यालय को एक आदर्श मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा, जिससे वार्ड सहित आसपास के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ मिल सके। पार्षद श्री रवि सिन्हा ने कहा कि महापौर श्री यादव के सहयोग से चस्समस्या से समाधान की ओर वार्ड निरंतर अग्रसर है। जनता से जो वादा किया गया था, उसे धरातल पर उतारने प्रयास किया जा रहा है। शिक्षा क्षेत्र में यह पहल भविष्य निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर शाला की प्राचार्य श्रीमती राबिया शादाब सहित निगम का अमला उपस्थित था।

## सनातन एकता यात्रा बालाजी मंदिर गंज लाईन से निकलेगी हिन्दु नववर्ष की पुर्व संध्या 18 मार्च को शाम 4 बजे धमुधाम से निकलेगी

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** बागेश्वर मंदिर की जी.रोड शाम 04 बजे सनातन धर्म महासभा सर्व हिन्दु समाज द्वारा कीबैठक सम्मन हुई उक्त बैठक में सर्व सहमति से हम सबका हिन्दु नव वर्ष विक्रम संवत 2083 नवरात्र की पुर्व संध्या 18 मार्च को शाम 04 बजे बालाजी मंदिर गंज लाईन से भव्य सनातन एकता यात्रा धुमधाम से निकालने का निर्णय लिया गया। सर्वप्रथम सनातन धर्म महासभा के प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर नवयुवक मंडल अध्यक्ष सौरव खण्डेवाल ने बताया कि इस वर्ष सनातन एकता यात्रा को राष्ट्रीयता से जोडते हुए भव्य रूप से भगवान राम,हनुमान जी व भारत माता की झांकी के साथ सनातन एकता यात्रा धुमधाम से निकाली जायेगी। बैठक का शुभारंभ भगवान

भोलेनाथ,हनुमान जी के जय घोस के साथ प्रारंभ हुआ, बैठक की अध्यक्षता डी.डी.सी.जैन जी की अध्यक्षता में बैठक हुई। सभा का संचालन- सौरव खडेलवाल ने किया तो उक्त बैठक में सभी ने अपने-अपने सनातन एकता धुमधाम से निकालने हेतु सुझाव दिए, सर्वप्रथम उद्घोधन संरक्षक महोदय डी.डी.सी.जैन संरक्षक शारदा तिवारी, प्रदेश अध्यक्ष,संतोष पटाक,जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर, गायत्री परिवार के सुरजन वकील, राजकुमार शर्मा,प्रकाश सांरवला,पार्षद शिव वर्मा, मणिभाषकर गुप्ता, शेंकी बग्गा,हिन्दु जागरण मंच के सुशील लढ्ढा, हरजीत भाटिया, मुकेश चौबे,सुनील बाजपेयी, विवेक त्रिपाठी,हेमंत तिवारी, किरन अग्रवाल, मोना गोसाई,विलास राव,रामअवतार जोशी,सभी ने हिन्दु नव वर्ष के शुभ अवसर पर सनातन एकता यात्रा हेतु अपने-अपने सुझाव दिये इस शुभ अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष ने संतोष पटाक ने बताया कि पूरे छत्तीसगढ़ में हिन्दु नव वर्ष के शुभ अवसर पर भव्य रूप से हिन्दू नव वर्ष मनाने वा सनातन एकता यात्रा निकाली जायेगी। सनातन एकता यात्रा का मुख्य उद्देश्य हम सभी सनातनीय भाई-बहनो को एक सुत्र में बांधना वा सनातन धर्म को मजबूत आगे बढ़ाना क्योंकि सनातन धर्म वह धर्म है,जिसका प्रांरभ तो है, मगर अंत नहीं, इस सनातन एकता में शोभा यात्रा में शहर की सभी धार्मिक व सामाजिक सभी संगठनो की ज्यादा से ज्यादा संख्या में सभी माता बहनों को पहुचने की अपील करते हुए धर्म लाभ लेने की अपील की गई।

## पराली जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध, किसानों से वैज्ञानिक विकल्प अपनाने की अपील

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम(नांदगांव टाइम्स )।** जिला कबीरधाम के कृषि विभाग ने समस्त कृषक बंधुओं से खेतों में पराली (फसल अवशेष) न जलाने की अपील की है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि फसल कटाई के बाद पराली जलाना पूर्णतः प्रतिबंधित है और यह पर्यावरण व मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। विभागीय जानकारी के अनुसार पराली जलाने से वायु प्रदूषण में वृद्धि होती है, मृदा की उर्वरता घटती है तथा खेतों में मौजूद लाभकारी सूक्ष्म जीव नष्ट हो जाते हैं। इसके अलावा आग लगने की घटनाओं का खतरा भी बढ़ जाता है। इन दुष्प्रभावों को देखते हुए किसानों से इस प्रथा को पूरी तरह त्यागने का आग्रह किया गया है। कृषि विभाग ने किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के वैज्ञानिक विकल्प अपनाने की सलाह दी है। इसके तहत हैप्पी सीडर एवं सुपर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम जैसे कृषि यंत्रों का उपयोग, अवशेषों से कम्पोस्ट या वर्मी कम्पोस्ट बनाना, मल्चिंग करना तथा पशु आहार के रूप में उपयोग करना शामिल है। साथ ही विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में उपलब्ध सब्सिडी का लाभ उठाने को भी कहा गया है। उप संचालक कृषि ने बताया कि पराली जलाना पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 एवं राष्ट्रीय हरित अधिकरण के निर्देशों के तहत दंडनीय अपराध है। नियमों के उल्लंघन पर जुर्माना सहित अन्य दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान है।

**उद्योग संचालनालय, छत्तीसगढ़**

उद्योग भवन, रिंग रोड न. 1, तैलीबांधा, रायपुर

**फोन नं. (0771) 2583652-54,** Email : dtic-directaerate.cg@gov.in

(छत्तीसगढ़ शासन, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ20-13/2018/10-6 दिनांक 28.04.2018) मेसर्स लक्ष्मी नारायण राईस मिल, ग्राम-साल्हेवारा, विकासखण्ड-खुर्सीखण्ड, जिला-सौरभ्रा-खुर्सीखण्ड-नगर्डई (छ.ग.) के स्वामित्व परिवर्तन की अनुमति हेतु

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि -

1. मेसर्स लक्ष्मी नारायण राईस मिल, ग्राम-साल्हेवारा, विकासखण्ड-खुर्सीखण्ड, जिला-सौरभ्रा-खुर्सीखण्ड-नगर्डई (छत्तीसगढ़) में स्थापित है एवं उसकी प्रोप्राइटरशिप फर्म है। उसकी के प्रोप्राइटर श्री ललित साहू की दिनांक 20.06.2025 को मृत्यु हो जाने के कारण उनके द्वारा निर्माणित वसीयतनामा के अनुसार उक्त श्री ललित साहू के परिवार के समस्त सदस्यों द्वारा उसकी स्वामी के भाई श्री मोहन राम साहू को उसकी संचालन हेतु सामग्री प्रदान किया गया है एवं दिनांक 01.01.2026 से 20 वर्षों हेतु श्री मोहन राम साहू को उसकी लीज पर दिये जाने के लिए लीजडीड निष्पादित किया गया है। उपरोक्त कारणों से स्वामित्व परिवर्तन की अनुमति चाहा गया है।
2. साहब्रा ग्रामांक, बैज ऑफमाइराष्ट्र, साहब्रा तौरभ्रा, जिला-सौरभ्रा खुर्सीखण्ड-नगर्डई की ओर से मेसर्स लक्ष्मी नारायण राईस मिल, ग्राम-साल्हेवारा, विकासखण्ड-खुर्सीखण्ड, जिला-सौरभ्रा-खुर्सीखण्ड-नगर्डई बिना पंजीकृत है तथा बैक द्वारा उसकी के पक्ष में अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।
3. राज्य शासन की औद्योगिक नीति 2019-24 के तहत प्रदान किये गये अनुकूल एवं छूट के तंत्रों में उद्योग संचालनालय के पत्र क्रमांक क्रमानुसार-4101/41/2026 दिनांक 16.02.2026 द्वारा मेसर्स लक्ष्मी नारायण राईस मिल, ग्राम-साल्हेवारा, विकासखण्ड-खुर्सीखण्ड, जिला-सौरभ्रा-खुर्सीखण्ड-नगर्डई के स्वामित्व परिवर्तन की अनुमति स्वीकृति दी गई है।

अतः मेसर्स लक्ष्मी नारायण राईस मिल, ग्राम-साल्हेवारा, विकासखण्ड-खुर्सीखण्ड, जिला-सौरभ्रा-खुर्सीखण्ड-नगर्डई (छत्तीसगढ़) के उद्योग के स्वामित्व परिवर्तन की अंतिम अनुमति प्रदान किये जाने के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, कंपनी, वित्तीय संस्था /बैंक या अन्य किसी को कोई आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह तुरन्त प्रकाशन तिथि से 10 दिवस के भीतर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात् किसी प्रकार की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

रायपुर, दिनांक 16.02.2026

**संचालक**



**कार्यालय, नगर पंचायत डोंगरगांव, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

क्रमांक/ 214 / लो.नि.उप./ निविदा/न.पं./2026 डोंगरगांव, दिनांक 20/02/2026

**।। मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना ।।**

एकीकृत पंचायत प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निकाय क्षेत्रांतर्गत विभिन्न निर्माण कार्य संख्या 03 लागत राशि 3.18 लाख रुपये हेतु दिनांक 12/03/2026 को कार्यालयीन अवधि समय 3:00 बजे तक पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से तीन लिफाफा पद्धति पर सीलबंद निविदा प्रपत्र "ऐ" में प्रचलित लोक निर्माण विभाग (भवन / सड़क) एस.ओ.आर. 01.01.2015 से प्रभावशील एवं सूचना जारी दिनांक तक संशोधित दर अनुसूची से निविदाऐ प्रतिशत दर पर. आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि एवं समय | 03/03/2026 को शाम 04:00 बजे तक निविदा |
| प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि एवं समय | 06/03/2026 को शाम 04:00 बजे तक |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 11/03/2026 को दोप. 03:00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 12/03/2026 को दोप. 03:30 बजे के बाद |

निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि एवं समय में लोक निर्माण शाखा से अथवा वेबसाईड www.uad.cg.gov.in पर देखी / प्राप्त की जा सकती है।

**"अपने घर, आसपास एवं नगर को स्वच्छ रखे, शौचालय का उपयोग करें"**

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत डोंगरगांव
जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)



**शुभांक**

**2-6-8**

**577-9 700-7**

**भाग्यांक**

**250-7 457-6**



**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शकुनतला बाई वर्मा पति राजू राम वर्मा निवासी ग्राम द्वारा पो. - दारा थाना चौकी-मोहारा तहसील डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव 390110 की निवासी हूं मेरे आधार मे नाम पत्नी बाई पति राजू अंकित है जिसे परिवर्तन कर एक अब मेरे पूरा नाम शकुनतला बाई वर्मा SHAKUNTALA BAI VERMA पति राज RAJU RAM VERMA के नाम से जाना एवं पहचाना जावे ।

सूचना जानै

**भवदीय**
**शकुनतला बाई वर्मा**
**पति राजू राम वर्मा**

निवासी ग्राम द्वारा पो. - दारा
थाना चौकी-मोहारा तहसील
डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव छ.ग.



**न्यायालय नायब तहसीलदार**
**डोंगरगढ । के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202602095200013**

विषय:- ब-121 मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन:-2025-2026
लगानिबाकाश्त प.ह.न. 00016 [(हे0)]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार - पंचम,
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पंचम पिता बोधी जाति गोंडइत्ता. लमानिनभाठा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक अपने नानिन हिना ठाकुर आ. नीलकंठ ठाकुर का जन्म दिनांक 09.12.2006 को ग्राम लमानिनभाठा में हुआ है के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदत्य किये जाने बाबत आवेदक द्वारा आवेदन पत्र सहित शपथ पत्र, जन्म मृत्यु पंचनामा, रजिस्ट्रार, जन्म मृत्यु ग्राम पंचायत माडीतराई का अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का प्रमाण पत्र, अंकसूची, आधार पत्र, आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता/आममुख्तयार के माध्यम से पेशी तिथि 10/03/2026 को सायं 5:30 के तक दावा आपत्ति कर सकते है। पेशी तिथि के उपरान्त प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20/02/2026 को जारी किया जाता है।

सील **नायब तहसीलदार डोंगरगांव**



**न्यायालय नायब तहसीलदार**
**तुमड़ीबोड़ के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202602095700012**

विषय:- ब-121. मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन:- 2025-2026
कोहका प.ह.न. 00005 [(हे0)]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार - अमर सिंग,
अनावेदक पक्षकार -छ.ग शासन,

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अमर सिंग पिता भागवत जाति गोंड निवासी ग्राम कोहका, के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपने स्वयं का जन्म तिथि 01.12.1988 को ग्राम कोहका पटवारी ह. न. 05 तहसील डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव, होने के कारण, अपने स्वयं का विलंबित जन्म तिथि दर्ज कराने रजिस्ट्रीकरण अधिकारी जन्म - मृत्यु ग्राम पंचायत कोहका को अनुज्ञा जारी करने, शपथ पत्र, आधार कार्ड, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, चालान के साथ आवेदन मय दस्तावेज के साथ प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता/आममुख्तयार के माध्यम से पेशी तिथि 10/03/2026 को सायं 5:30 के तक दावा आपत्ति कर सकते है। पेशी तिथि के उपरान्त प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19/02/2026 को जारी किया जाता है।

सील **नायब तहसीलदार डोंगरगांव**



**न्यायालय नायब तहसीलदार**
**तुमड़ीबोड़ के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202602095700011**

विषय:- ब-121. मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन:- 2025-2026
गातातोला प.ह.न. 00006 [(हे0)]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार - भागवत राम,
अनावेदक पक्षकार - छ.ग शासन,

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भागवत राम पिता संतराम जाति गोंड़ निवासी ग्राम गातातोला, के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपने स्वयं का जन्म तिथि 09.04.1993 को ग्राम गातातोला पटवारी हल्का नंबर 06 तहसील डोंगरगांव जिला राजनांदगांव, होने के कारण, अपने स्वयं का विलंबित जन्म तिथि दर्ज कराने रजिस्ट्रीकरण अधिकारी जन्म - मृत्यु ग्राम पंचायत टप्पा को अनुज्ञा जारी करने, शपथ पत्र, आधार कार्ड, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, चालान के साथ आवेदन मय दस्तावेज के साथ प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता/आममुख्तयार के माध्यम से पेशी तिथि 10/03/2026 को सायं 5:30 के तक दावा आपत्ति कर सकते है। पेशी तिथि के उपरान्त प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19/02/2026 को जारी किया जाता है।

सील **नायब तहसीलदार डोंगरगांव**



**न्यायालय नायब तहसीलदार**
**तुमड़ीबोड़ के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202602095700015**

विषय:-ब-121. मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन:- 2025-2026
कोहका प.ह.न. 00005 [(हे0)]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार - छ.ग शासन,

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक डीहु राम आ. दरबारी राम जाति लोधी निवासी ग्राम कोहका के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपने पिता दरबारी राम आ. मंगाराम का मृत्यु तिथि 08.10.1986 को ग्राम कोहका पटवारी ह.नं. 05 तहसील डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव, होने के कारण, अपने स्वयं का विलंबित मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने रजिस्ट्रीकरण अधिकारी जन्म मृत्यु ग्राम पंचायत कोहका को अनुज्ञा जारी करने, शपथ पत्र, आधार कार्ड, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, चालान के साथ आवेदन मय दस्तावेज के साथ प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता/आममुख्तयार के माध्यम से पेशी तिथि 10/03/2026 को सायं 5:30 के तक दावा आपत्ति कर सकते है। पेशी तिथि के उपरान्त प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19/02/2026 को जारी किया जाता है।

सील **नायब तहसीलदार डोंगरगांव**



**न्यायालय नायब तहसीलदार**
**तुमड़ीबो

## ज्ञान मंथन

*1) गुजरात के किस जिले को जारोसाइट जमा होने के कारण मंगल ग्रह जैसा स्थल माना गया है?*
*2) बीजक लेख किस राजा से सम्बंधित है?*
*3) जाड़े के दिनों में तमिलनाडु के तटों पर होने वाली वर्षा का मुख्य कारण क्या है?*
*4) लोक संवर्धन पर्व के 5वें संस्करण का आयोजन कहाँ किया गया था?*
*5) हाल ही में, विजयनगर काल के 103 छापयुक्त स्वर्ण सिक्के किस राज्य में खोजे गए हैं?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**

## उत्तर माला

(1) कच्छ (2) अशोक (3) लौटता मानसून
(4) केरल (5) तमिलनाडु

# सेन समाज बालोद के चार प्रमुख पदाधिकारियों को भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा में मिला दायित्व - संतोष कौशिक बने जिला महामंत्री

**बालोद (नांदगांव टाइम्स)।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा में बालोद जिले से सेन समाज के चार प्रमुख पदाधिकारियों को जिम्मेदारी मिलने पर समाज में हर्ष की लहर है। सेन समाज बालोद के जिलाध्यक्ष संतोष कौशिक को भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा का जिला महामंत्री, ब्लॉक अध्यक्ष सेतु राम शांडिल्य को सह कार्यालय प्रभारी, नगर पालिका चुनाव लड़ चुके विनोद कौशिक को जिला उपाध्यक्ष, तथा लालचंद नुणीवाल को जिला कार्यकारिणी सदस्य के रूप में दायित्व सौंपा गया है। इस अवसर पर उमेश कुमार सेन, बालोद जिला सेन समाज मीडिया प्रभारी ने बताया कि – सेन समाज के कार्यकर्ताओं को भाजपा संगठन में इस तरह की जिम्मेदारी मिलना समाज के लिए गर्व की बात है। यह संगठन के प्रति समाज के विश्वास और सेवा भावना का परिणाम है। विदित हो कि संतोष कौशिक भाजपा संगठन के एक अनुभवी और कर्मठ कार्यकर्ता हैं। वे पूर्व में भाजपा के मंडल महामंत्री दो बार, प्रदेश कार्य विस्तारक दो बार, तथा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला महामंत्री रह चुके हैं। साथ ही वे नगर पालिका परिषद बालोद के लगातार तीन बार पार्षद निर्वाचित हो चुके हैं। संगठन में उनके लंबे अनुभव और सामाजिक जुड़ाव को देखते हुए पार्टी ने पुनः उन पर भरोसा जताया है। सेन समाज बालोद की एकजुटता – संतोष कौशिक को मिले सम्मानजनक दायित्व पर प्रसन्नता सेन समाज बालोद को पूरे छत्तीसगढ़ में एक संगठित और आदर्श सामाजिक जिला माना जाता है। समाज की सामाजिक गतिविधियाँ राज्यभर में प्रेरणास्रोत बनी हुई हैं। इस विषय में उमेश कुमार सेन, बालोद जिला सेन समाज मीडिया प्रभारी ने कहा - च्च्हमारे समाज के चार पदाधिकारियों को भाजपा संगठन में स्थान मिलना इस बात का प्रमाण है कि सेन समाज की सेवा भावना और कार्यकुशलता को राजनीतिक मंचों पर भी मान्यता मिल रही है। अब समाज की ओर से यह मांग उठी है कि संतोष कौशिक, जो वर्तमान में सेन समाज जिला अध्यक्ष एवं भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला महामंत्री हैं, उन्हें छत्तीसगढ़ राज्य केस शिल्पी कल्याण बोर्ड का अध्यक्ष बनाया जाए। बालोद जिला सेन समाज से उठी बड़ी मांग – संतोष कौशिक जी को बनाया जाए

केस शिल्पी बोर्ड का अध्यक्ष बालोद जिला सेन समाज ने अब यह मांग उठाई है कि बालोद जिले से एक योग्य प्रतिनिधि को छत्तीसगढ़ राज्य केस शिल्पी कल्याण बोर्ड का अध्यक्ष बनाया जाना आवश्यक है। इस संदर्भ में उमेश कुमार सेन, बालोद जिला सेन समाज मीडिया प्रभारी ने कहा - संतोष कौशिक जी का चयन केस शिल्पी बोर्ड के अध्यक्ष पद के लिए उचित होगा, क्योंकि वे समाज के संगठनात्मक और सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाते हैं और प्रदेशभर में उनका सम्मान है। सेन समाज का यह वर्ग परंपरागत रूप से केस शिल्प व्यवसाय (हेयर ड्रेसिंग, सैलून, ब्यूटी एवं मेकअप कार्य) से जुड़ा हुआ है। यह वर्ग अपनी मेहनत, सेवा और सामाजिक योगदान के लिए जाना जाता है। समाज का कहना है कि इस वर्ग के उत्थान और प्रशिक्षण के लिए एक सक्षम और अनुभवी नेतृत्व आवश्यक है, जो समाज की आवाज शासन तक प्रभावी ढंग से पहुंचा सके।

**समाज की भावना और शासन से अपेक्षा**

संतोष कौशिक जी न केवल सेन समाज बल्कि अन्य समाजों में भी लोकप्रिय, व्यवहारकुशल और मिलनसार व्यक्तित्व हैं। उन्होंने समाज के युवाओं को स्वरोजगार, कौशल विकास और शिक्षा से जोड़ने की दिशा में सराहनीय कार्य किए हैं।

उमेश कुमार सेन, बालोद जिला सेन समाज मीडिया प्रभारी ने कहा - च्च्संतोष कौशिक जी को केस शिल्पी बोर्ड का अध्यक्ष बनाए जाने से न केवल सेन समाज को सम्मान मिलेगा, बल्कि भाजपा को भी बालोद जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों में मजबूत आधार प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी निश्चित रूप से समाज की भावनाओं का सम्मान करेंगे।

**क्या है छत्तीसगढ़ राज्य केस शिल्पी कल्याण बोर्ड**

यह एक राज्य स्तरीय सरकारी निकाय है, जो पारंपरिक केस शिल्प व्यवसाय (हेयर ड्रेसिंग, सैलून, ब्यूटी पार्लर, मेकअप आदि) से जुड़े लोगों के कल्याण, प्रशिक्षण, स्वरोजगार और तकनीकी सशक्तिकरण के लिए कार्य करता है।

बोर्ड के मुख्य उद्देश्य –केस शिल्पियों को आधुनिक प्रशिक्षण एवं तकनीकी सहायता उपलब्ध कराना। स्वरोजगार एवं आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना। व्यवसाय से जुड़े लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़ना। समाज के पारंपरिक पेशे की गरिमा को पुनर्स्थापित करना। इस बोर्ड का अध्यक्ष राज्यभर के केस शिल्प व्यवसायियों की आवाज शासन तक पहुंचाने का कार्य करता है और नीति निर्धारण में अहम भूमिका निभाता है।

**समाज की एकजुटता और सम्मान की भावना**

बालोद जिला सेन समाज ने कहा कि यह मांग केवल एक व्यक्ति की नहीं बल्कि पूरे समाज के आत्मगौरव, परंपरा और सम्मान से जुड़ी हुई है। अंत में उमेश कुमार सेन, बालोद जिला सेन समाज मीडिया प्रभारी ने कहा – सेन समाज बालोद हमेशा संगठन और समाज के सम्मान के लिए अग्रसर रहा है। हम सभी मुख्यमंत्री जी से आग्रह करते हैं कि समाज की भावनाओं का आदर करते हुए संतोष कौशिक जी को केस शिल्पी बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त करें।

## कलेक्टर ने तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों की नवीन पदस्थापना की

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से जिले में पदस्थ तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों की अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त तक नवीन पदस्थापना की है। इसके तहत तहसीलदार तहसील कार्यालय कुमरदा श्रीमती आकांक्षा साहू को तहसील कार्यालय छुरिया, तहसीलदार तहसील कार्यालय छुरिया श्री विजय कुमार कोठारी को तहसील कार्यालय कुमरदा, नायब तहसीलदार तहसील कार्यालय राजनांदगांव श्री गंगाधर राव को तहसील कार्यालय छुरिया, नायब तहसीलदार तहसील कार्यालय घुमका श्री रामलखन चौहान को तहसील कार्यालय राजनांदगांव, नायब तहसीलदार तहसील कार्यालय छुरिया श्री अब्दुल वसीम सिद्दीकी को तहसील कार्यालय घुमका आगामी आदेश पर्यन्त तक पदस्थ किया गया है।

## वार्ड विजिट के दौरान महापौर मधुसूदन यादव चिखली में सर्व समाज मांगलिक भवन एवं रमन बाजार क्षेत्र का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** महापौर श्री मधुसूदन यादव आज सुबह

निगम के तकनीकि एवं स्वास्थ्य अमला के साथ चिखली क्षेत्र में पैदल भ्रमण कर साफ सफाई देख सर्व समाज मांगलिक भवन एवं रमन बाजार का निरीक्षण किया। इसी कडी में उन्होंने ओव्हर ब्रिज के पास स्थापित रानी अवंती बाई प्रतिमा स्थल का जायजा लेकर प्रतिमा तथा आस पास नये सिरे से संधारण करने के लिये चर्चा किये। इस दौरान निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, जल विभाग के प्रभारी सदस्य श्री सुनील साहू, लोककर्म विभाग के प्रभारी सदस्य श्री सावन वर्मा तथा वरिष्ठ पार्षद श्री शिव वर्मा, वार्ड पार्षद श्रीमती रुरुति लोकेश जैन की उपस्थिति रही। चिखली निरीक्षण के दौरान महापौर श्री यादव ने सम्पूर्ण क्षेत्र में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने स्वास्थ्य अमला से कहा। उन्होंने कहा कि नाली निकालने के पश्चात कचरा उसी दिन उठावे, लोगो को कचरा नाली में नही डालने तथा गिला सुखा कचरा घर में ही अलग कर स्वच्छता दीदीयो को देने समझाईस देवे, आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखकर वार्डवासियो से चर्चा कर फिटबैक लेवे। चिखली शासकीय प्रेस के पीछे निर्मित सर्व मांगलिक भवन देख महापौर श्री यादव ने तकनीकि अधिकारियो से कहा कि भवन पुरानी हो गयी है, इसलिए मरम्मत की आवश्यकता है, चुकि भवन में विभिन्न आयोजन होते रहते है, इस आधार पर इसका मरम्मत कर रंग रोगन करे, शौचालय की भी मरम्मत करे तथा भवन के आस पास पौधरोपण करे। रमन बाजार का निरीक्षण कर उन्होंने कहा कि बाजार के आस पास अतिक्रमण हटाकर साफ सफाई रखे। रमन बाजार के पास निर्मित भवन का निरीक्षण किए तथा डबरी तलाब में टो वाल निर्माण व सडक मरम्मत कर आस पास व्यवस्थित करने कहा। महापौर श्री यादव चिखली ओव्हर ब्रिज के पास स्थापित रानी अवंती बाई प्रतिमा स्थल का भी निरीक्षण किए।

## सरस्वती साइकिल योजना से बेटियों की शिक्षा को मिली नई गति

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम(नांदगांव टाइम्स)।** साइकिल मिलने से बेटियों के लिए स्कूल आना-जाना अब पहले से कहीं ज्यादा आसान हो गया है। उन्हें लंबी दूरी पैदल तय नहीं करनी पड़ती, जिससे समय और मेहनत दोनों की बचत होती है। अब वे सुरक्षित, समय पर और बिना थके स्कूल पहुंच रही हैं तथा पूरे आत्मविश्वास के साथ अपनी पढ़ाई और भविष्य के सपनों की ओर आगे बढ़ रही हैं। कवर्धा जिले में बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए संचालित सरस्वती साइकिल योजना एक सफल पहल साबित हो रही है। बीते दो वर्षों में जिले की 14,356 छात्राओं को इस योजना के तहत निःशुल्क साइकिलें प्रदान की गई हैं, जिससे बड़ी संख्या में बालिकाओं को सीधा लाभ मिला है। पहले दूरस्थ

वनांचल और ग्रामीण क्षेत्रों की छात्राओं को स्कूल पहुंचने के लिए कई किलोमीटर पैदल चलना पड़ता था। कठिन रास्तों और लंबी दूरी के कारण वे थक जाती थीं और कई बार पढ़ाई भी प्रभावित होती थी, जिससे कुछ छात्राएं स्कूल छोड़ने तक पर मजबूर हो जाती थीं। लेकिन साइकिल मिलने के बाद स्थिति पूरी तरह बदल गई है। अब छात्राएं आसानी से और कम समय में स्कूल पहुंच जाती हैं। स्कूलों में उनकी उपस्थिति बढ़ी है और पढ़ाई के प्रति रुचि भी पहले से अधिक हुई है। छात्राओं का कहना है कि अब वे समय पर स्कूल पहुंचती हैं और थकान भी नहीं होती, इसलिए कक्षा में ध्यान से पढ़ पाती हैं। कई छात्राएं स्कूल के बाद घर के कामों में भी मदद कर लेती हैं और फिर पढ़ाई के लिए समय निकाल पाती हैं। अभिभावकों को भी अब अपनी बेटियों की सुरक्षा को लेकर पहले जैसी चिंता नहीं रहती। आज कवर्धा जिले की सड़कों पर समूह में साइकिल चलाकर स्कूल जाती बेटियां आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास की नई मिसाल बन रही हैं। यह योजना केवल साइकिल देने तक सीमित नहीं है, बल्कि बेटियों को शिक्षा से जोड़कर उनके उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव तैयार कर रही है। सरस्वती साइकिल योजना सच मायनों में जिले में बालिका शिक्षा को नई गति देने वाली एक सफल और प्रेरणादायक पहल बन चुकी है।

## भोरमदेव शक्कर कारखाना में पेराई सत्र 2025-26 में गन्ना पेराई बंद होने की तृतीय सूचना जारी

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम(नांदगांव टाइम्स)।** भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक

कारखाना मर्यादित कवर्धा, द्वारा पेराई सत्र 2025-26 में गन्ना पेराई बंद होने की तृतीय सूचना जारी की गई है। कारखाना प्रबंधन ने अपने कार्यक्षेत्र के समस्त अंशधारी एवं गैर-अंशधारी गन्ना उत्पादक कृषकों को सूचित किया है कि वर्तमान पेराई सत्र के अंतर्गत गन्ना खरीदी की अंतिम तिथि 24 फरवरी 2026 रात्रि 12 बजे तक निर्धारित की गई है। कारखाना प्रबंधन द्वारा संबंधित गन्ना उत्पादक कृषकों को गन्ना आपूर्ति पर्ची प्रदाय कर दी गई है। जिन कृषकों को किसी कारणवश गन्ना आपूर्ति पर्ची प्राप्त नहीं हुई है, वे तत्काल कारखाना परिसर स्थित गन्ना विभाग अथवा अपने क्षेत्र सहायक से संपर्क कर पर्ची प्राप्त कर सकते हैं। ऐसे कृषक जिन्होंने अपना शेष गन्ना जूस, बीज अथवा गुड़ निर्माण के लिए सुरक्षित रखा है तथा शक्कर कारखाना में पेराई के लिए विक्रय नहीं करना चाहते हैं, उनसे अनुरोध है कि वे इस संबंध में कारखाना के गन्ना विभाग को लिखित सूचना उपलब्ध कराएं। कारखाना प्रबंधन ने जिले के समस्त गन्ना उत्पादक कृषकों से अपील करते हुए कहा है कि वे अपना शेष गन्ना 24 फरवरी 2026 तक कारखाना परिसर में पहुँचाना सुनिश्चित करें।

# जिला पंचायत सीईओ ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण

**मोहला (नांदगांव टाइम्स)।** सीईओ जिला पंचायत श्रीमती श्रीमती भारती चंद्राकर ने ग्राम पंचायत गोटाटोला, मोहभट्ठा एवं शेरपार में संचालित विभिन्न विकास कार्यों का स्थल निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, समय-सीमा तथा शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप क्रियान्वयन का जायजा लिया गया।

**गुणवत्ता सुनिश्चित करने दिए निर्देश**

निरीक्षण के दौरान महतारी सदन निर्माण, आजीविका डबरी निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्मित एवं निर्माणाधीन आवास, स्वच्छता संबंधी कार्य तथा आंगनबाड़ी भवन निर्माण की प्रगति का अवलोकन किया गया। सीईओ ने स्थानीय अमले द्वारा कराए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**निर्धारित समय सीमा में पीएम आवास सम्पूर्ण किया जाए**

प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से सीधी चर्चा करते हुए उन्होंने निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप पात्र हितग्राहियों को शीघ्र आवास उपलब्ध कराना प्राथमिकता है, अतः किसी प्रकार की अनावश्यक

देरी न हो। साथ ही प्रगतिरत आवासों में नियमानुसार 90 दिवस की मनरेगा मजदूरी का नियमित भुगतान सुनिश्चित करने को कहा गया। आजीविका डबरी निर्माण कार्यों के निरीक्षण के दौरान तकनीकी मानकों एवं आवश्यक अभिसरण (कन्वर्जेंस) के तहत कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए, ताकि संरचनाओं की गुणवत्ता और उपयोगिता बनी रहे। निर्माण स्थलों पर लगाए जाने वाले सूचना पटल में संबंधित महिला स्व-सहायता समूह की दीदी का नाम, लोकोस आईडी एवं क्लर्ट जोन का स्पष्ट उल्लेख अनिवार्य रूप से करने हेतु निर्देशित किया गया, जिससे पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत संचालित कार्यों की भी विस्तृत समीक्षा की गई। शौचालय निर्माण, उपयोग एवं स्वच्छता की स्थिति का निरीक्षण कर अपूर्ण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने और निर्मित शौचालयों का नियमित उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्यों को प्राथमिकता से संचालित करने पर भी जोर दिया गया। निरीक्षण के दौरान वर्षा जल संरक्षण एवं जल संचय को बढ़ावा देने के निर्देश देते हुए कहा गया कि जल संरक्षण संरचनाओं का प्रभावी निर्माण एवं रखरखाव सुनिश्चित किया जाए। ग्रामीणों से जनभागीदारी बढ़ाने की अपील की गई तथा ग्राम स्तर पर जल संचय संरचनाओं की नियमित निगरानी एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी, विकासखंड समन्वयक, तकनीकी सहायक, सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## धर्म समाचार....

# किस दिन मनाई जाएगी वृषभ संक्रांति? यहां पता करें शुभ मुहूर्त और संयोग

सनातन धर्म में वृषभ संक्रांति तिथि का खास महत्व है। इस शुभ अवसर पर आत्मा के कारक सूर्य देव मेष राशि से निकलकर वृषभ राशि में गोचर करते हैं। वृषभ संक्रांति के दिन बड़ी संख्या में साधक गंगा समेत पवित्र नदियों में आस्था की डुबकी लगाते हैं। इसके बाद भक्ति भाव से सूर्य देव की पूजा, जप-तप और दान-पुण्य करते हैं।

धार्मिक मत है कि सूर्य देव की पूजा करने से सभी प्रकार के मानसिक कष्टों से मुक्ति मिलती है। साथ ही शारीरिक कष्ट भी कम होते हैं। इस दिन दान करने से व्यक्ति को अक्षय फल मिलता है। आइए, वृषभ संक्रांति की सही तिथि एवं शुभ मुहूर्त जानते हैं-

**सूर्य राशि परिवर्तन**

ज्योतिषीय गणना के अनुसार, आत्मा के कारक सूर्य देव 15 मई को राशि परिवर्तन करेंगे। सूर्य देव 15 मई को सुबह 06 बजकर 28 मिनट पर मेष राशि से निकलकर वृषभ राशि में गोचर करेंगे। इस राशि में सूर्य देव 14 जून तक रहेंगे। इसके अगले दिन सूर्य देव वृषभ राशि से निकलकर मिथुन राशि में गोचर करेंगे।

**वृषभ संक्रांति शुभ मुहूर्त**

15 मई को वृषभ संक्रांति मनाई जाएगी। 15 मई को पुण्य काल सुबह 05 बजकर 30 मिनट से लेकर सुबह 06 बजकर 28 मिनट तक है। वहीं, महा पुण्य काल सुबह 05 बजकर 30 मिनट से लेकर सुबह 06 बजकर 28 मिनट तक है।

**वृषभ संक्रांति शुभ योग**

वृषभ संक्रांति पर आयुष्मान और सौभाग्य योग का संयोग बन रहा है। आयुष्मान योग दोपहर 02 बजकर 21 मिनट तक है। इसके बाद सौभाग्य योग का संयोग बनेगा। सिद्ध योग का संयोग रात भर है। इसके साथ ही भद्रावास योग का संयोग बनेगा। इसके अलावा, अभिजीत मुहूर्त दोपहर 11 बजकर 50 मिनट से लेकर 12 बजकर 45 मिनट तक है। इस समय में पूजा-पाठ और दान-पुण्य करने से साधक पर सूर्य देव की कृपा बरसेगी।

## बुध मजबूत हो तो जीवन में क्या बदलता है? कुछ राशियों को बिजनेस में मिलता है खास लाभ

सनातन धर्म में बुधवार का दिन भगवान गणेश और बुध देव को समर्पित है। इस दिन गणेश जी की पूजा करने से कुंडली में बुध मजबूत होता है, जिससे व्यापार में सफलता ...और पढ़ें सनातन धर्म में बुधवार का दिन भगवान गणेश को समर्पित होता है। इस शुभ अवसर पर भक्ति भाव से भगवान गणेश और ग्रहों के राजकुमार बुध देव की पूजा की जाती है। बुधवार के दिन भगवान गणेश की पूजा करने से कुंडली में बुध मजबूत होता है। बुध देव की कृपा बरसने से जातक को कारोबार में मनमुताबिक सफलता मिलती है। ज्योतिष कारोबार में तरक्की और उन्नति पाने के लिए कुंडली में बुध ग्रह मजबूत करने की सलाह देते हैं। भगवान गणेश की पूजा करने से बुध देव प्रसन्न होते हैं। अपनी कृपा जातक पर बरसाते हैं। बुध देव की कृपा से सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है। आइए, इसके बारे में सबकुछ जानते हैं-

**बुध देव-** ज्योतिषियों की मानें तो कुंडली में बुध मजबूत होने से जातक मधुरभाषी होता है। अपनी वाणी से लोगों को प्रभावित करने में सफल होता है। इसके साथ ही बिजनेस में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हैं। वहीं, कमजोर बुध के चलते व्यक्ति कई बार फैसले लेने में असफल रहता है। कई बार फैसले भी गलत लेता है।

**लकी राशियां-** ग्रहों के राजकुमार बुध देव मिथुन और कन्या राशि के स्वामी हैं। वहीं, इन दो राशियों के आराध्य भगवान गणेश हैं। मिथुन राशि के लिए शुभ रंग पीला है और कन्या राशि के लिए शुभ रंग हरा है। कन्या राशि में ग्रहों के राजकुमार बुध देव उच्च के होते हैं। इसके लिए कन्या राशि के जातकों को हमेशा शुभ फल देते हैं। बुध देव की कृपा से कन्या राशि के जातक सफल कारोबारी बनते हैं। वहीं, मिथुन राशि के जातक जॉब और बिजनेस दोनों क्षेत्रों में उत्तम प्रदर्शन करते हैं। मिथुन और कन्या राशि के जातक हर बुधवार के दिन भगवान गणेश की पूजा करें। वहीं, पूजा के समय भगवान गणेश को दूर्वा और मोदक अर्पित करें। इसके साथ ही हरे रंग की चीजों का दान करें।



- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बेग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बेग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# खैरागढ़ में 'खेत बनाम फैक्ट्री' की जंग : क्या पुलिसिया कार्रवाई से दबेगा किसानों का आंदोलन?

## अज्ञात आरोपी में बेकसूर के नाम जोड़ नेतृत्व को भेजेंगे जेल, इधर जन सुनवाई का होगा खेल?

**खैरागढ़/छुईखदान (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ के नवगठित जिले खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (यष्ठत्र) में प्रस्तावित सीमेंट फैक्ट्री (श्री सीमेंट) को लेकर उपजा विवाद अब एक निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है। एक तरफ जहां कॉरपोरेट घराने और प्रशासन विकास का हवाला देकर प्लांट लगाने पर आमादा हैं, वहीं दूसरी ओर हजारों किसान अपनी उपजाऊ जमीन और पर्यावरण को बचाने के लिए 'आर-पार' की लड़ाई लड़ रहे हैं।

**?1. आंदोलन की जड़: उपजाऊ भूमि और जल संकट का डर**

विवाद का मुख्य केंद्र जालबांधा और छुईखदान क्षेत्र के लगभग 40-45 गांव हैं। किसानों का आरोप है कि जिस जमीन पर फैक्ट्री प्रस्तावित है, वह बेहद उपजाऊ है।

**पर्यावरण:** ग्रामीणों को डर है कि सीमेंट की धूल उनकी फसलों और स्वास्थ्य को तबाह कर देगी।

**जल स्तर:** फैक्ट्री द्वारा भारी मात्रा में भूजल दोहन से क्षेत्र में खेती के लिए पानी का संकट पैदा हो जाएगा।

**2. पुलिस की 'रणनीति' और ग्रामीणों का संगीन आरोप**

आंदोलनकारियों के बीच इस समय सबसे बड़ी चर्चा पुलिस और प्रशासन की संदिग्ध कार्यप्रणाली को लेकर है। किसान नेताओं का दावा है कि प्रशासन 'दमनकारी नीति' अपना रहा है:

फर्जी मुकदमों का डर: ग्रामीणों का आरोप है कि आंदोलन की अगुवाई कर रहे प्रमुख चेहरों को चिन्हित किया जा रहा है। पुलिस उन पर पुराने मामलों या प्रदर्शन के दौरान अज्ञात नाम से दर्ज एफआईआर को आधार बनाकर ÷फर्जी आरोपी÷ बनाने की तैयारी में है।

नेतृत्व विहीन करने की साजिश: आंदोलनकारियों का मानना है कि यदि मुख्य नेताओं को फर्जी आरोपों के आधार पर जेल भेज दिया जाता है, तो आंदोलन कमजोर पड़ जाएगा। इसका फायदा उठाकर प्रशासन आनन-फानन

में फर्जी जनसुनवाई कराकर फैक्ट्री के पक्ष में रिपोर्ट तैयार कर सकता है।

**3. 'दिसंबर का संग्राम' और स्थगित जनसुनवाई**

बीते 11 दिसंबर 2025 को प्रस्तावित जनसुनवाई के दौरान जो मंजर दिखा, उसने प्रशासन के पसीने छुड़ा दिए थे।जारों की संख्या में किसान अपने ट्रैक्टरों के साथ सड़कों पर उतर आए थे।भारी पुलिस बल और बैरिकेड्स के बावजूद किसानों का आक्रोश कम नहीं हुआ, जिसके कारण प्रशासन को सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए जनसुनवाई स्थगित करनी पड़ी।

**4. ग्राम सभाओं की 'संवैधानिक' ढाल**

प्रशासन की संभावित कार्रवाई को देखते हुए किसानों ने भी अपनी रणनीति बदली है। अब यह आंदोलन किसी एक नेता के भरोसे नहीं, बल्कि सामूहिक नेतृत्व में चल रहा है:

ग्राम सभा प्रस्ताव: प्रभावित गांवों ने अपनी ग्राम सभाओं में फैक्ट्री के खिलाफ प्रस्ताव पारित कर इसे कानूनी रूप से चुनौती दी है।

महिला शक्ति: इस बार आंदोलन की कमान पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं ने भी संभाली है, ताकि पुलिसिया कार्रवाई का मुकाबला किया जा सके।

**5. राजनीतिक गलियारों में हलचल**

हालांकि यह विशुद्ध रूप से एक किसान आंदोलन है, लेकिन चुनाव और स्थानीय समीकरणों को देखते हुए राजनीतिक दलों के नेता भी इसमें कूद पड़े हैं। विपक्ष इसे सरकार की 'किसान विरोधी' नीति बता रहा है, जबकि सत्ता पक्ष रोजगार और विकास के नाम पर बचाव की मुद्रा में है।

**वर्तमान स्थिति**

खैरागढ़ का यह इलाका इस समय बारूद के ढेर पर बैठा है। एक तरफ कॉरपोरेट दबाव है, तो दूसरी तरफ अपनी माटी से जुड़ा किसान। यदि प्रशासन जबरन जनसुनवाई कराने या नेताओं के खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज कर आंदोलन को दबाने की कोशिश करता है, तो स्थिति और भी उग्र हो सकती है। मुख्य मांग: किसानों की एक ही मांग है– ÷हमें फैक्ट्री नहीं, अपनी खेती और शुद्ध हवा चाहिए।

# बौद्ध कल्याण समिति के पदाधिकारी और कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव संपन्न

## आज 20 सदस्यों का हुआ चुनाव, राहुल सचिव और दिवाकर कोषाध्यक्ष बने

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** बौद्ध कल्याण समिति, राजनांदगांव के अध्यक्ष और कार्यकारिणी सदस्यों के निर्वाचन की प्रक्रिया आज संपन्न हो गयी। चुनाव समिति के प्रवीण नोन्हारे और कपूर चंद डोंगरे ने बताया कि रजिस्ट्रार, फर्म एंड सोसायटी के आदेश के अनुसार बौद्ध कल्याण समिति का चुनाव कराया गया है। जिसमें दीपांकर खोब्रागड़े अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हो चुके है और रविवार को शेष 20 पदों के लिए चुनाव कराया गया। चुनाव कार्यक्रम के अनुसार आज सुबह 11 बजे से 20 पदों के लिए नामांकन पत्र भरा गया। नाम वापसी के बाद 15 सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुए और पांच सदस्यों के लिए वोटिंग कराई गयी। उपाध्यक्ष शैलेन्द्र मेश्राम, उपाध्यक्ष कमलेश मेश्राम, सचिव राहुल श्यामकुवंर, उप सचिव अवनीश रामटेके, महेन्द्र रामटेके, कोषाध्यक्ष दिवाकर रेंडे, कार्यकारिणी सदस्य विनोद श्री रो, कृष्णा मेश्राम, बंदिश नेमपांडे, रीता ठावरे, भारती मेश्राम, प्रमोद मेश्राम, रीतेश रंगारी, दीप रामटेके, शशिकांत गनवीर निर्विरोध

भूपेन्द्र बोरकर ने ईश्वरदास वाहने से, सुनील बंसोड ने अनिस बोरकर से और सुभाष गजभिये ने राहुल मेश्राम से अधिक मत प्राप्त कर विजय प्राप्त किया। अध्यक्ष दीपांकर खोब्रागड़े ने चुनाव समिति के सदस्यों को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित प्रक्रिया अनुसार चुनाव संपन्न कराने के लिए सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। पूर्व अध्यक्ष कांति कुमार पुसे ने समिति के नये सदस्यों को बधाई दी। चुनाव समिति के कुपरचंद डोंगरे ने भी नयी कार्यकारिणी को बधाई दी। चुनाव समिति के प्रमुख प्रवीण नोन्हारे ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह चुनाव बहुत व्यावधानों और जटिलता से भरा था फिर भी चुनाव समिति के सभी सदस्यों ने समर्पित भाव से चुनाव संपन्न कराया। उन्होने कहा कि बौद्ध कल्याण समिति के बायलॉज में अनेक कठिनाईयां है जिनमें संशोधन किया जाना आवश्यक है।

निर्वाचित हुये। कार्यकारिणी सदस्य के लिए अखिलेश खोब्रागड़े ने देवेन्द्र खोब्रागड़े से, दिलीप भिमटे ने निखिलेश श्यामकुवंर से,

# शिक्षा के साथ अनुभव: कोल्ड स्टोरेज में विद्यार्थियों का अध्ययन भ्रमण

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगाँव के कक्षा अष्टम के विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने के उद्देश्य से महावीर कोल्ड स्टोरेज में शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। विज्ञान संकाय प्रमुख हेमा साहू, डिंपल चौरे, अनमोल पगारे द्वारा आयोजित शैक्षणिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को भंडारण प्रणाली एवं खाद्य पदार्थों के संरक्षण की आधुनिक तकनीकों से अवगत कराना

था। विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को कोल्ड स्टोरेज की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी । विद्यार्थियों को बताया गया कि किस प्रकार नियंत्रित तापमान में फल, सब्जियां एवं अन्य कृषि उत्पादों को लंबे समय तक सुरक्षित रखा जाता और साथ ही विभिन्न उपकरणों जैसे रेफ्रिजरेशन यूनिट, तापमान नियंत्रण प्रणाली, ह्यूमिडिटी कंट्रोल सिस्टम और जेनरेटर बैकअप के बारे में समझाया गया। विद्यार्थियों ने उपकरणों को नजदीक से देखा और विशेषज्ञों से अपने प्रश्नों के उत्तर प्राप्त किए। इस शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों को पाठ्यपुस्तक के ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव भी प्राप्त हुआ।

**खुसरो शाह बने सिविल जज गंडई (नांदगांव टाइम्स)।**

मुख्य चौक मे नगर के जमींदार व नगर पंचायत गंडई के अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो नीता खुसरो के पुत्र करण शाह खुसरो ने सिविल जज की परीक्षा मे शानदार उपलब्धि हासिल की है सिविल जज की परीक्षा पास कर 21 फरवरी शनिवार को शाम 5 बजे प्रथम गंडई आगमन पर मुख्य तिरंगा चौक में चयनित करण खुसरो का उनके समर्थकों ने हार पहनाकर, जमकर आतिशबाजी के साथ जोरदार स्वागत किया गया. उसके बाद खुसरो अपने कुलदेवी मां गंगई मंदिर में मत्था टेकर आशीर्वाद लिया, तत्पश्चात पंडरिया स्थित शीतला मंदिर, राम मंदिर का दर्शन कर अपने निवास पहुंचा. करण की इस उपलब्धि पर नगर में खुशी का माहौल है वही कांग्रेस गंडई ब्लाक अध्यक्ष मन्नू चंदेल 'दिलीप ओगरे भीगेश यदु' दादा खान आदि मौजूद रहे और सभी ने बधाई दी।

# पूर्व सैनिक अरुण वर्मा का भव्य सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह संपन्न

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** पूर्व सैनिक अरुण वर्मा के सेवानिवृत्ति उपलक्ष्य में स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा होटल अमित पार्क भिलाई में भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ एवं मध्य प्रदेश क्षेत्र से बड़ी संख्या में बैंक अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। समारोह में अरुण वर्मा के परिवारजन, नाते-रिश्तेदार तथा डबल सिक्स मीडियम रेजिमेंट परिवार के सदस्य भी शामिल हुए। रेजिमेंट की ओर से नायक अंगेश्वर प्रसाद सिन्हा, देवेंद्र कुमार साहू, रवि कुमार साहू, डमन लाल साहू, सतीश कुमार धनकर एवं नरेंद्र देवांगन सहित अनेक पूर्व सैनिक अपने परिवार एवं बच्चों के साथ समारोह में शामिल हुए। पूरे कार्यक्रम के दौरान पूर्व सैनिक अपनी-अपनी सैन्य वर्दी, मेडल एवं रेजिमेंट कैप में आकर्षण का केंद्र बने रहे। समारोह देशभक्ति और सम्मान की भावना से ओतप्रोत रहा। कार्यक्रम स्थल च्भारत माता की जयज, च्अरुण वर्मा जिंदाबादज, च्अधिकारी कर्मचारी यूनियन जिंदाबादज्ज् तथा च्डबल सिक्स मीडियम रेजिमेंट जिंदाबादज्ज् के नारों से गूंज उठा। वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में अरुण वर्मा के सैन्य जीवन, कर्तव्यनिष्ठा एवं सेवाभाव की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना की। कार्यक्रम आत्मीय वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# लाखों करोड़ों का फर्जीवाड़ा करने वाले अब तक पुलिस की नजर से ओझल

## मामला – पोस्ट आफिस कर्मचारी व नौकरी के नाम पर लाखों की ठगी का

**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** लाखों करोड़ों का फर्जीवाड़ा करने वाले अब तक पुलिस की गिरफ्तारी से बचे हुए हैं जिसे लेकर पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए जा रहे है। आपको बता दें कि पोस्टआफिस के कर्मचारी के द्वारा लगभग 8 गांव के ग्रामीणों के आरडी, एमडी खाता, सुकन्या समृद्धि योजना सहित पोस्टआफिस की अन्य योजनाओं के तहत डाकघर में पैसा जमा कराया जाता था जिसे पोस्टआफिस के कर्मचारी आशीष मंडावी के द्वारा ग्रामीण लोगों से फर्जीवाड़ा कर करोड़ों रु पोस्टआफिस में जमा नहीं करवाया और फरार हो गया। वहीं नौकरी लगाने के नाम पर डोंगरगढ़ वार्ड क्रमांक 14 खंदूपारा निवासी देवेंद्र गोरले के खिलाफ पांच पीड़ित शिकायतकर्ताओं ने लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है कि उन्हें देवेंद्र कुमार गोरले व उनके भाजपा नेता भिलाई कोसा नाला थाना निवासी जय प्रकाश यादव के द्वारा सरकारी नौकरी लगाने का प्रलोभन देकर झांसे में लेकर लाखों रु ले लिया गया है।

**पुलिस की कार्यवाही पर उठने लगे प्रश्नचिन्ह।**

लोगों की माने तो पोस्टआफिस मामले में कर्मचारी तो फरार है परन्तु केंद्र सरकार द्वारा संचालित बैंक में इस तरह की फर्जीवाड़ा पूरे प्रदेश में पहली बार आया है। जबकि जानकार बताते है कि किसी भी केंद्र शासित बैंकों में हर माह चेकिंग की जाती है और बकायदा इसके लिए चेकर इंस्पेक्टर की तैनाती की जाती है जो ब्लॉक स्तर के पोस्टआफिस के खातों की जानकारी ले रिपोर्ट भेजता है। जिससे उनकी भूमिका पर भी कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों के द्वारा सवाल खड़े किए जा चुके हैं उसके बाद भी पुलिस की कान में जूं तक नहीं रेंगी इस प्रश्न का जवाब धोखा खाए ग्रामीण पूछ रहे थे ? वहीं दूसरी ओर बताया जाता है कि नौकरी लगाने के नाम पर भिलाई कोसा नाला थाना क्षेत्र निवासी भाजपा नेता जयप्रकाश यादव व डोंगरगढ़ निवासी देवेंद्र कुमार गोरले के द्वारा लगभग 33 लोगों से सरकारी नौकरी लगाने का झांसा देकर अब तक 56 लाख की जालसाजी की गई है जिसकी पांच पीड़ित शिकायतकर्ताओं के द्वारा लगभग एक माह से रिपोर्ट दर्ज कराई गई है परन्तु पुलिस द्वारा अब तक जांच का हवाला देकर मामले को ठंडे बस्ते में डालने का प्रयास किया जा रहा है जिससे जिंदगी भर की गाढ़ी कमाई नौकरी के झांसे में लिए आरोपियों से धोखा खाने के बाद पुलिस में मामला दर्ज कराए जाने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है जो यक्ष सवाल खड़े करने लगे है।

# शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 1.49 करोड़ रुपये की ठगी मामले में 6 आरोपी गिरफ्तार

## करोड़ों की ऑनलाइन निवेश ठगी का नेपाल से कनेक्शन, आरोपियो के कब्जे से विभिन्न बैंको के चेक बुक, पासबुक, एटीएम कार्ड व मोबाईल किए गए जप्त

मोहला (नांदगांव टाइम्स)। शेयर ट्रेडिंग मार्केट के नाम पर ठगी करने वाले आरोपियों को जिला मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी पुलिस ने धरदबोचा है जिसके लिए मोहला एसपी कार्यालय में प्रेसवार्ता रखकर पीड़ित कुणाल अग्रवाल के साथ हुए करोड़ो रूपये की ऑनलाइन ठगी में शामिल लोगों का पर्दाफाश किया गया जिला पुलिस अधीक्षक बाय.पी सिंह ने बताया कि अम्बागढ़ चौकी अग्रवाल पेट्रोल पंप संचालक कुणाल अग्रवाल अम्बागढ़ चौकी निवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिसमे बताया गया कि दिनांक 09 नवम्बर 2025 से 06 दिसम्बर2025 के बीच अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मोबाइल नंबर 9866782961 एवं 7382164299 के माध्यम से शेयर ट्रेडिंग में निवेश का झांसा देकर पंजाब नेशनल बैंक एवं एचडीएफसी बैंक खातों से कुल 1,49,50,000/-(एक करोड़ उन्चास लाख पचास हजार रुपये) की धोखाधड़ी की गई।

रिपोर्ट पर विवेचना प्रारंभ की गई। तकनीकी विश्लेषण एवं द्वअष् समन्वय पोर्टल से प्राप्त जानकारी के आधार पर संबंधित खातों से एक से अधिक शिकायतें पाई गई, जिस पर प्रकरण में धारा 317 (4) बीएनएस भी जोड़ी गई। तथा तकनीकी विश्लेषण के आधार पर पाया गया कि आरोपी के द्वारा प्रार्थी से 05 विभिन्न खातो में पैसा डलवाकर उन पैसो को अन्य खातो में ट्रासफर कर के चेक के माध्यम से एवं एटीएम के माध्यम से पैसा निकासी किया गया है जिस आधार पर बैंक के खाता धारको एवं मोबाईल नंबर

धारको की लगातार पतासाजी किया गया जांच के दौरान आरोपियो का लोकेशन रुद्रपुर, जिला उधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड), अहमदाबाद, राजकोट, सूरत में प्राप्त होने पर पुलिस टीम रवाना की गई। टीम के द्वारा तकनीकी विश्लेषण कर उक्त राज्यो में रेड कार्यवाही कर कुल 06 संदेहियों को हिरासत में लेकर पुछताछ किया गया। पुछताछ पर आरोपियो का सम्पर्क काठमान्डू नेपाल के लोगो से होना और उनके साथ मिलकर प्रार्थी के साथ ठगी किया जाना पता चला है पुछताछ पर सभी संदेहियो का अपराध में संलिप्तता पुष्ठा होने पर आरोपियों के कब्जे से विभिन्न बैंक के पासबुक, चेकबुक, एटीएम कार्ड, 07 नग मोबाइल, 10 नग मोबाइल सिम जप्त कर कुल 06 आरोपियो को गिरफ्तार किया गया, सभी आरोपियों को स्थानीय न्यायलय के समक्ष प्रस्तुत कर ट्रॉंजिट रिमांड प्राप्त कर आरोपि मनोज कुमारजी पिता ईश्वरीह आईया उम्र 27 साल साकिन कोडप्पा लेआउट जिला बैंगलोर कर्नाटक, सनातन मंडल पिता स्व: जितरंजन मंडल उम्र 32 साल साकिन ग्राम रजपुरा नंबर 02 थाना गदरपुर उधम सिंह नंगर उत्तराखड़, योगेन्द्र सिंह पिता शंकर लाल उम्र 25 साल साकिन दिनेशपुर थान दिनेशपुर उधम सिंह नगर, आरोपी युसुफ संघवानी, पिता शाहबुद्दीन संघवानी, उम्र 21 वर्ष, साकिन जिला राजकोट, गुजरात, राहुल गुप्ता पिता बंशीलाल गुप्ता उम्र 26 साल साकिन ग्राम माधोपुरा जिला अहमदाबाद गुजरात, गौतम भाई बागड़ा पिता केसुभाई बागड़ा उम्र 20 साल साकिन हरिदर्शन सोसाईटी श्रमरेज जिला सूरत गुजरात सहित विभिन्न कम्पनियों के 07 नग मोबाईल और 10 सीम कार्ड,विभिन्न बैंको के चेक बुक, पासबुक एवं एटीएम कार्ड के साथ जिला मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी पहुंचकर अम्बागढ़ चौकी न्यायलय में प्रस्तुत किया गया साथ ही आरोपियों के नेपाल कनेक्शन के संबंध में विस्तृत विवेचना जार है।

प्रिसिशन इंजी वर्क्स
स्टील अलमारी, स्ट्रोंग रूम गेट
सभी तरह के फेब्रीकेशन वर्क किया जाता है।
पता- इण्डस्ट्रियल एरिया, जीई रोड, राजनांदगांव
मो. 94060-11669

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com